पुछताछ संख्याः प्रशासन / सामान्य / रख–रखाव / 06–08 / 2022. एम्स. जेडीएच

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर

# में अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के कार्य हेतु

# कोटेशन का आंमत्रण

| | |
|---|---|
| पुछताछ संख्या | : प्रशासन / रख–रखाव / 06.08 / 2022. एम्स. जेडीएच |
| पूछताछ जारी करने की तिथि | : 11 जूलाई 2022 |
| जमा करने की अंतिम तिथि | : 18 जूलाई 2022 अपराह्न 03.00 बजे । |

## अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर

बासनी फेज –।। जोधपुर –342005, राजस्थान

टेलीफैक्स :0291–2740741, ईमेलः procurement@aiimsjodhpur

www.aiimsjodhpur.edu.in

## अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के कार्य के लिए कोटेशन का आमंत्रण एम्स जोधपुर

निदेशक, एम्स जोधपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। फर्नीचर मरम्मत के कार्य के लिए नियम एंव शर्तो एम्स जोधपुर द्वारा निम्नलिखित रखी गई हैं। सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पूर्ण रूप से भरे हूए कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 18.07.2022 को अपराह्न 03.00 बजे या उससे पहले जमा हो जाने चाहिए। कोटेशन को उचित लिफाफें में सीलबंद कर उसके ऊपर निम्नानुसार लिखा जाए– " अस्पताल फर्नीचर (स्ट्रेचर व विलचेयर) मरम्मत के कार्य के लिए कोटेशन "

**पुछताछ संख्याः प्रशासन/सामान्य /रख–रखाव/06–08/2022. एम्स. जेडीएच 18.05.2022 को अपराह्न 03.00 बजे**

**1. नियम और शर्तेः–**

(क) निर्धारित सयम सीमा के बाद प्राप्त होने वाले कोटेशनों पर किसी भी तरह का विचार नहीं किया जायेगा चाहे परिस्थितियॉ कुछ भी रही हो। डाक या किसी भी प्रकार का विलंब के मामले में संस्थान जिम्मेंदार नहीं होगा तथा किसी भी प्रकार के फैक्स /ईमेल पर विचार नहीं किया जायेगा। कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

(ख) कोटेशन फर्म के लेटर हेड पर संलग्न निर्धारित प्रारूप में स्वामित्व/निदेशक हस्ताक्षरित होने चाहिए। सहभागी मामलों में निदेशक या उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा कोटेशन पर विधिवत हस्ताक्षर करने का प्रधिकरण पत्र होना चाहिए। पूर्णरूप से भरे हुए कोटेशन निर्धारित कोटेशन बॉक्स मे जो कि एम्स के प्रशासनिक कार्यालय में स्थित हैं वहा छोडा जाना अनिवार्य हैं।

(ग) अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के कार्य की दरों को भारतीय रूपये में कर सहित उद्धृत किया जाए तथा किसी भी प्रकार का निर्दिष्ट करों के अतिरिक्त कोई कर हो तो अलग से लिखा जाए।

(घ) अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के कार्य की दरों को माल भाडा शुल्क, बीमा, स्थापना (संस्थान के रख–रखाव स्टोर तक पहूॅचाना) आदि सहित उद्धृत किया जाए।

(ड) अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के कार्य की दरों में किसी प्रकार की ओवरराइटिंग या कॉट–छॉट(कटिंग) की अनुमति नहीं होगी। यदि पाया जाता हैं तो कोटेशन को रद्द कर दिया जाएगा। किसी भी प्रकार का विचार नहीं होगा।

(च) अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के कार्य की दरें कोटेशन खोलने की तारीख से 60 दिनों के लिए वैध होनी चाहिए। इस मुद्दें पर किसी भी निविदा के उद्दरण और चुप्पी को इसके साथ सहमति के रूप में माना जाएगा।

(छ) एल–1 बनना किसी भी आपूर्ति आदेश पाने का मानदंड नही होगा जब तक फर्नीचर मरम्मत के कार्य की दरे व कार्य में काम आने वाली आवश्यकत सामग्री वाजिब(रिजनेबल) तथा उचित(जस्टीफाइड) न हो।

(ज) आपूर्तिकर्ता/फर्म/एजेंसी को आटीजीएस/एनईएफटी का विवरण आपूर्तिकता के लेटर हेड पर उद्दरण के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक/अनिवार्य हैं।

(झ) फर्म/एजेंसी को निम्नलिखित शर्ते पूरा करने का स्व–सत्यापित प्रति उद्दरण के साथ संलग्न प्रस्तुत करना है–

:– फर्म/एजेंसी राजस्थान सरकार/भारत सरकार के साथ पंजीकृत होना।

:– फर्म/एजेंसी के पास वैध जीएसटी/अन्य कर और पैन कार्ड का होना ।

:– फर्म/एजेंसी को किसी भी सरकार ब्लैक लिस्टेड(अवैध) नहीं किया गया।

**पुछताछ संख्याः प्रशासन/सामान्य /रख–रखाव/06–08/2022. एम्स. जेडीएच**

(ञ) अस्पष्ट और अनिश्चित अभिव्यक्तियों द्वारा योग्य उद्दरण जैसे " पूर्व के अधीन" पुष्टिकरण" तत्काल स्वीकृति के अधीन" आदि को अस्पष्ट प्रस्तावों के रूप में माना जायेगा तथा कोटेशन को खारिज कर दिया जायेगा। किसी भी सशर्त को तुरन्त प्रभाव से खारिज कर दिया जायेगा।

(ट) अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के कार्य का निष्पादन आदेश के 7 दिन के अन्दर निष्पादन करना अनिवार्य होगा।

(ठ) परिसमापन क्षतिः– यदि आपूर्तिकर्ता निर्धारित समय में आपूर्ति करने में विफल रहता हैं तो प्रतिदिन 0.5 प्रतिशत की दर से या आपूर्ति आदेश मुल्य के अधिकतम 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया जायेगा।

(ड) भुगतान शर्तें :– संतोषजनक आपूर्ति के बाद एम्स जोधपुर द्वारा निरीक्षण करने के बाद भुगतान किया जायेगा।

(ढ) विवाद :– फर्म/एजेंसी के ठेकेदारों और एम्स जोधपुर या एम्स का कोई विभाग के बीच किसी भी प्रकार का विवाद याशर्तों की व्याख्या के सबंध में असहमति उत्पन्न होने की स्थिति में जॉच निदेशक एम्स जोधपुर को संदर्भित की जाएगी। एम्स जोधपुर का निर्णय फर्म/एजेंसी के ठेकेदारों के लिए बाध्यकारी होगा।

(ण) एम्स जोधपुर किसी भी उद्दरण या भाग या संपूर्ण आमंत्रण बिना कोई कारण बताए कोटेशन प्रक्रिया अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता हैं ।

(त) अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के कार्य लिये जहॉ है जैसा है के आधार पर किया जायेगा। और यदि फर्नीचर को संस्थान से बाहर ले जाने वाले फर्नीचर में होने वाले व्यय का भुगतान संस्थान द्वारा नहीं किया जायेगा।

## 2. नियम और शर्तें :–

1. बोलीदाता को अनुबंध 1 में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार उत्पाद का उद्दरण देना होगा।
2. सबसे कम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म का निर्णय समिति द्वारा समग्र आधार पर किया जायेगा। जो कि अंतिम निर्णय होगा।
3. अस्पताल फर्नीचर रख–रखाव के कार्य सम्बन्धित किसी प्रकार की पूछताछ कार्यालय कार्य दिवस में मेडीकल कॉलेज तृतीय तल भण्डार में की जा सकती है।
4. बेलीदाता द्वारा दरें प्रस्तुत करने से पूर्व फर्नीचर का भौतिक सत्यापन कर उपस्थिति पंजिका में इन्द्राज व हस्ताक्षर करना आवश्यम होगा। बिना भौतिक सत्यापन (फर्निचर को बिना देखें) दरें प्रस्तुत करने वाली फर्म को निरस्त माना जायेगा । कोटेशन आंमत्रण समिति द्वारा मान्य नहीं किया जायेगाा।

उप–निदेशक(प्रशासन)

संलग्नः– अनुलग्नः 1. विनिर्देश अनुबंध
2. मूल्य बोली का प्रारूप

## अनुलग्नः 1. विनिर्देश अनुबंध

| क्र. सं. | सामान का विवरण | मापन ईकाई | मात्रा | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Hospital Wheel chair repairing work ( All repairing work including front wheel, handles, seat and armrest support, real wheels, brake system and oiling and other miscellaneous maintenance work | Per Pcs | 30 | फर्नीचर मरम्मत का कार्य जहॉ है जैसा है के आधार पर करवाया जायेगा। |
| 2 | Hospital Stretcher Trolley repairing work ( All repairing work including wheel, side railing, hydraulics systems, other miscellaneous maintenance work | Per Pcs | 15 | |

पुछताछ संख्याः प्रशासन/सामान्य /रख–रखाव/06–08/2022. एम्स. जेडीएच

**फर्म के लेटर हेड पर**

**अनुलग्नः 2**
**मूल्य बोली प्रपत्र**

सेवामें,

श्रीमान उप–निदेशक (प्रशासन)

एम्स जोधपुर।

मान्यवर जी,

1. मैने/हमने..................................... अस्पताल फर्नीचर मरम्मत के लिए कोटेशन का आंमत्रण के लिए उद्दरण प्रस्तुत किया। पूछताछ संख्या स्टेशनरी वस्तुओं के लिए कोटेशन का आंमत्रण पुछताछ संख्याः प्रशासन/सामान्य /रख–रखाव/06–08/2022. एम्स. जेडीएच जमा करने की अंतिम तिथि 18 जूलाई 2022 अपराह्न 03.00 बजे प्रस्तुत किया।

2. मैने/हमनें फर्नीचर मरम्मत कार्य के लिए कोटेशन का आंमत्रण के नियमों और शर्तों की पूरी जांच करके समझा/स्वीकार कर लिया हैं तथा दस्तावेजों के अभाव में मेरा उद्दरण अस्वीकार कर दिया जाए।

3. मैं/हमारे द्वारा निम्नलिखित दरों पर आपूर्ति करने की पेशकश करते हैं।

| क्र. सं. | सामान का विवरण | मापन की ईकाई | मात्रा | दर बिना जीएसटी | जीएसटी कर | जीएसटी सहित दर | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Hospital Wheel chair repairing work ( All repairing work including front wheel, handles, seat and armrest support, real wheels, brake system and oiling and other miscellaneous maintenance work | Per Pcs | 30 | | | | |
| 2 | Hospital Stretcher Trolley repairing work ( All repairing work including wheel, side railing, hydraulics systems, other miscellaneous maintenance work | Per Pcs | 15 | | | | |

पुछताछ संख्याः प्रशासन / सामान्य / रख–रखाव / 06–08 / 2022. एम्स. जेडीएच

नोटः– बोलीदाता को फर्म के पत्र पर उपरोक्त प्रारूप में की अपना कोटेशन उद्धृत करना हैं अन्यथा कोटेशन अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

दिनांक.........................................नाम.........................................

स्थान..........................................................................................

फर्म / एजेंसी का नाम...........................................................

जीएसटीआईएन नंबर.............................................................

बैंक का नाम.........................................................................

बैंक खाता नम्बर...................................................................

आईएफएससी कोड...............................................................

शाखा का नाम.......................................................................

फोन नंबर..............................................................................

ईमेल.......................................................................................

(अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर)

सील(स्टाम्प)..........................

पुछताछ संख्याः     प्रशासन/सामान्य /रख–रखाव/06–08/2022. एम्स. जेडीएच